राजस्थान
Rajasthan

मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 41 पीपे तेल और 3 क्विंटल नकली 'घी' बरामद

बूंदी. जिले के रामगंज बालाजी क्षेत्र मे नकली घी बनाने के गोरखधंधा के खिलाफ खाद्य विभाग व पुलिस की टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक मकान से बड़ी मात्रा में नकली घी बनाने का सामान और केमिकल जब्त कर मौके से 41 पीपे तेल व तीन क्विंटल घी जब्त किया है. मकान में ताला लगा हुआ था और मौके पर इन सामानों का कोई मालिक भी नहीं मिला. इस पर टीम ने सामान को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजी राम कुंभकार ने बताया कि रामगंज बालाजी स्थान पर एक मकान पर खाद्य पदार्थ बनाने की संदिग्ध गतिविधियों की मुखबिर से सूचना मिली थी. जिसके बाद सोमवार को पुलिस के साथ विभाग की टीम ने दबिश दी तो मकान पर ताला लगा मिला. इस पर सरपंच रामलाल सैनी व वार्ड पंच भोजराज की मौजूदगी में ताला तोड़कर तलाशी ली गई तो मकान के अंदर बड़ी मात्रा में नकली घी बनाने का सामान बरामद हुआ. जिसमें 30 पीपे वनस्पति तेल व 11 पीपे सोयाबीन का तेल शामिल है. इसके अलावा मौके से करीब 2 से 3 क्विंटल घी जैसा पदार्थ मिला है. इस दौरान कूछ केमिकल भी मिला है, जिनको संभवत: नकली घी बनाने के काम में लिया जाता होगा.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/crackdown-on-adulterants-in-bundi-fake-ghee-making-material-and-chemicals-seized-rjs24022000573